170 पेटी देसी शराब समेत आधा दर्जन तस्कर गिरफ्तार

हिन्दुस्तान टीम,इटावा औरैया

- Last updated: Mon, 23 Mar 2020 10:17 PM

हरियाणा की नकली शराब को जिले में रैफर आदि लगाकर तस्करी करने वाले आधा दर्जन तस्करों को सिविल लाइन व क्राइम ब्रांच पुलिस ने रविवार की रात मुखबिर की सूचना पर नेशनल हाइवे पर डीपीएस स्कूल के पास से गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने बड़ी मात्रा में दो चार पहिया वाहनों से 170 पेटी शराब समेत एक मोटर साइकिल व नकली रैपर व ढक्कन बरामद किए। हिरासत में आए तस्करों ने शराब तस्करी करने की बात कबूल की। पुलिस टीम की इस सफलता पर एसएसपी ने टीम को सम्मानित किया।

सीओ सिटी के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच प्रभारी सत्येन्द्र यादव व सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक मदन गोपाल गुप्ता अपने हमराह टीम में शामिल एसआई सुबोध सहाय व टीम के साथ रविवार की रात शराब तस्करी को रोकने के लिए हाईवे पर चेकिंग अभियान चला रहे थे। तभी पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि डीपीएस स्कूल के पास कुछ शराब तस्कर बड़ी मात्रा में शराब को एक गाड़ी से दूसरी गाड़ियों में सप्लाई कर आस पास के क्षेत्र में भेज रहे हैं। इस सूचना पर जब पुलिस टीम हाइवे पर स्थित डीपीएस स्कूल के पास सर्विस रोड पर पहुंची तभी टीम ने मैक्स गाड़ी से कुछ लोग देसी शराब की पेटियां को दूसरी गाड़ियों में भर रहे थे। इस पर टीम ने उन्हें पकड़ने के लिए घेराबंदी की तो तस्कर पुलिस को देखकर भागने लगे। लेकिन टीम ने बलप्रयोग करते हुए सभी आधा दर्जन तस्करों को दबोच लिया। जब इनसे शराब व गाड़ियों के संबंध में कागजात दिखाने को कहा गया तो यह लोग कोई प्रपत्र नहीं दिखा सके। पुलिस ने पिकप व कार से बिना रैफर की 170 पेटी शराब बरामद की। सख्ती से पूछताछ में इन लोगों ने कबूल किया कि यह लोग हरियाणा से शराब को सस्ते दामों में खरीदकर जिले में महंगे दामों में नकली रैपर व ढक्कन लगाकर तस्करी करने की बात को कबूल किया। इस पर पुलिस ने सभी के खिलाफ सिविल लाइन थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक मदन गोपाल गुप्ता ने बताया कि पकड़ी गई शराब की कीमत करीब साढ़े छह लाख रुपए आंकी गई है। एसएसपी ने क्राइम ब्रांच व सिविल लाइन थाना पुलिस की इस सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए सम्मानित किया।

ये लोग पुलिस के चढ़े हत्थे

शराब तस्करी में शामिल पुलिस ने राजस्थान प्रांत के जोधपुर जिले के फींच लोन के रहने वाले रमेश देवासी, हरियाणा के सोनीपत जिले के कैलाशपुर सेक्टर 15 के तेजपाल कश्यप, मैनपुरी जिले के करहल थाना के नगलादेवी गांव के श्यामवीर सिंह व इसी जिले के पैराग शाहपुर गांव निवासी प्रशांत सिंह तथा जसवंतनगर थाना क्षेत्र के रोकनपुर गांव निवासी संजय सिंह व गौरव कुमार जौनई थाना जसवंतनगर को को शराब व गाडिय़ों के कागजात न दिखा पाने पर हिरासत में ले लिया और बाद में आबकारी अधिनियम आदि विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

विभिन्न जिलों में भेजते थे सप्लाई

थाना प्रभारी सिविल लाइन ने बताया कि पकड़े गए तस्करों पर कई मामले पहले से दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि शराब तस्करी से जुड़े गैंग के सदस्य पकड़े गए हैं। यह लोग हरियाणा से कम कीमत में देसी शराब लाकर उन पर फर्जी रैपर व ढक्कन लगाते है और फिर इन्हें इटावा जिले के आसपा क्षेत्रों के साथ मैनपुरी आदि जिलों में ऊंचे दामों में सप्लाई करते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में श्यामवीर, संजय सिंह, तेजपाल पर अलीगढ़, मैनपुरी जिलों समेत इटावा जिले के जसवंतनगर व सिविल लाइन थानों में शराब की अवैध तस्करी के कई मामले दर्ज हैं। इसके साथ ही श्यामवीर पर जसवंतनगर थाना में हत्या के प्रयास का भी मामला दर्ज है।

यह माल हुआ बरामद

170 पेटी (कुल 8160 क्वार्टर) अवैध देसी शराब (कीमती साढ़े छह लाख रुपए)

एक मैक्स पिकप बिना नम्बर

एक कार नम्बर यूपी 14 एआर 0069

एक बाइक नम्बर यूपी 75 एन 4400

पांच बन्डल रैपर नकली

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/etawah-auraiya/story-half-a-dozen-smugglers-arrested-including-170-cases-of-country-liquor-3104572.html